राज्यपाल सचिवालय, बिहार
(जन–सम्पर्क शाखा)
राजभवन, पटना–800022

प्रेस–विज्ञप्ति

संख्या–239/2024

राजभवन में जम्मू एवं कश्मीर, लद्दाख और उत्तराखंड दिवस का आयोजन किया गया

पटना, 17 नवम्बर, 2024 :– माननीय राज्यपाल श्री राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर ने राजभवन के दरबार हॉल में 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' के तहत आयोजित जम्मू एवं कश्मीर, लद्दाख और उत्तराखंड के स्थापना दिवस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि बिहार काफी अच्छा राज्य है और यहाँ के लोग काफी सहृदय हैं। बिहार आने के बाद मन में इस राज्य की एक अलग और सुंदर छवि बनती है। उन्होंने कहा कि विभिन्न राज्यों के लोग सरकारी सेवा, पढ़ाई, व्यापार एवं आजीविका आदि के लिए बिहार में आकर रहते हैं और यहाँ उनका नया परिवार बनता है। वे बिहारी होने की भावना से यहाँ निवास करते हैं। उन्हें बिहार के सामाजिक, सांस्कृतिक और आर्थिक विकास में योगदान करना चाहिए।

राज्यपाल ने कहा कि विभिन्न राज्यों एवं केन्द्रशासित प्रदेशों के स्थापना दिवस के आयोजन से उन प्रदेशों के लोगों एवं उनके कार्यों की जानकारी मिलती है। इससे हम एक दूसरे को जान और समझ पाते हैं तथा उनके साथ हमारा भावनात्मक संबंध मजबूत होता है। राज्यपाल ने अपने हाल के मंगोलिया यात्रा का उल्लेख करते हुए कहा कि वहाँ आयोजित इंडिया डायस्पोरा के सम्मेलन में भारत के विभिन्न राज्यों के लोग एकत्रित हुए थे। उन्होंने बातचीत के क्रम में बताया कि उनकी आस्था भारत और यहाँ के उनके राज्यों से जुड़ी हुई है। वहाँ उनकी पहचान भारतीय के रूप में है। राज्यपाल ने कहा कि जब हम भारत के किसी राज्य में रहते हैं तब हमें ऐसा लगता है कि यह राज्य हमारा है, यहाँ भी हमारा ही घर है। यही अनुभूति हमारी एकता का सूत्र है। हम सब एक हैं, इसीलिए ऐसा अनुभव हमें होता है। हमें एकता के इस सूत्र को मजबूत करना है, क्योंकि हमारी एकता में ही भारत की श्रेष्ठता है।

राज्यपाल ने इस अवसर पर जम्मू एवं कश्मीर, लद्दाख और उत्तराखंड के निवासियों के सुख और समृद्धि तथा उन प्रदेशों के उत्तरोत्तर प्रगति की कामना की। उन्होंने भारतमाता के चित्र पर माल्यार्पण भी किया। कार्यक्रम में उत्तराखंड की संस्कृति पर आधारित गीत प्रस्तुत किये गये।

कार्यक्रम को सहायक पुलिस महानिरीक्षक, कल्याण श्री विशाल शर्मा, एस०एस०बी० के कमांडेन्ट श्रीमती स्वर्णा सजवान, सी०आई०एस०एफ० के अस्सिटेंट कमांडेन्ट श्री एन०के० परिहार एवं श्रीमती कमला चौहान ने भी संबोधित किया।

आगे पृष्ठ...2 पर

इस अवसर पर राज्यपाल के प्रधान सचिव श्री रॉबर्ट एल० चोंग्थू, तिलका माँझी भागलपुर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो० जवाहर लाल, बिहार में पदस्थापित जम्मू एवं कश्मीर, लद्दाख और उत्तराखंड के पदाधिकारीगण एवं उनके परिजन, उन राज्यों की छात्र–छात्राएँ तथा राज्यपाल सचिवालय के पदाधिकारीगण एवं कर्मीगण उपस्थित थे।

....